दैनिक जागरण 26/04/2023

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



जीएमएन कालेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। • विज्ञप्ति।

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के शारीरिक विभाग द्वारा स्टाफ एव विद्यार्थियों के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं स्वास्थ्य के साथ-साथ खुशहाली का भी प्रतीक है। इस बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में स्टाफ ने तीन सिंगल और एक डबल मैच जीतकर बाजी मारी। डा. सुरजीत ने तरुण को, अंकित ने दिव्यांश को और विक्रम ने मनमोहित को सिंगल मैच में हराया। इसी तरह डा. सुरजीत और अंकित ने पूर्वस और जसकरण को डबल मैच में हराया, जबकि मोहित और दिव्यांश ने तरनवीर और नरेश को हराया। तीन सिंगल और एक डबल प्रतियोगिता जीतने के बाद बैडमिंटन में स्टाफ ने बाजी मारी। इसी तरह कालेज में लीगल लिटरेसी सैल व एसडीजी सैल द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का कार्यक्रम किया। (जासं)